Title: Regarding additional legal provisions for population control in the country-laid

श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा (भरूच): बढ़ती जनसंख्या के कारण राष्ट्र सामाजिक, आर्थिक और प्राकृतिक दृष्टि से असंतुलन की तरफ बढ़ रहा हैं। जनसंख्या विस्फोट का ही नतीजा हैं कि देश में जोशीमठ जैसे सनातन संस्कृति के प्रतीक धार्मिक स्थलो का ताना-बाना बिगड़ता जा रहा हैं। गरीबी, बेरोजगारी, प्रदूषण, मिलावट, अपराध जैसी समस्याए निरंतर बढ़ती जा रही हैं। सिर्फ जागरूकता के सहारे इस भयावह स्थिति का मुक़ाबला कर पाना संभव नहीं है। इसके लिए देश को कानूनी प्रावधान करने पर विचार करना पड़ेगा और जनसंख्या नियंत्रण के विशेष प्रयास करने ही पड़ेंगे। इस संबंध मे सरकार से मेरा आग्रह हैं कि भारत की भावी पीढ़ियों के सुखद भविष्य को ध्यान में रखकर तथा प्राकृतिक आपदाओ की पुनरावृति रोकने हेतु तत्काल उचित कदम उठाए।